न्यायालय **उपखण्ड** अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 166/22

तारीख दायर 10/5/22

1. लाड़बाई पत्नि कैलाश जाति गुर्जर उम्र वयस्क निवासी कांमा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. संजुदेवी पत्नि मुकेश कुमार जाति गुर्जर उम्र वयस्क निवासी कांमा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

......................प्रार्थी

बनाम

1. लादुलाल पिता भंवरलाल जाति प्रजापत उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. सुरजमल पिता भंवरलाल जाति प्रजापत उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. सुरजमल पिता भंवरलाल जाति प्रजापत उम्र वयस्क निवासी गणेशपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. गोपाल पिता देबीलाल जाति गुर्जर उम्र वयस्क निवासी कांमा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 10.5.2022

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि **मौजा ग्राम गणेशपुरा पटवार हल्का गणशपुरा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 133 पर अंकित खसरा संख्या 271 रकबा 0.6232 हैक्टेयर भूमि स्थित** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **उमाजी का खेड़ा** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम गणेशपुरा पटवार हल्का गणशपुरा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 133 पर अंकित खसरा संख्या 271 रकबा 0.6232 हैक्टेयर भूमि की** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जि -भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ